परेशानी ▶ बड़वारा-देवरी हटाई मार्ग जर्जर, हर दिन परेशान हो रहे मुसाफिर, नहीं कराई जा रही सड़क मरम्मत

# एक साल में उखड़ी सड़क, पुलिया भी हुई जर्जर



**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा मुख्यालय को जोड़ने वाला बड़वारा-देवरी हटाई मार्ग इन दिनों जर्जर हालत में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और क्षतिग्रस्त पुलियाओं के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि लोक निर्माण विभाग ने सड़क को भगवान भरोसे छोड़ रखा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आदिवासी क्षेत्र के विधायक और सांसदों की भी अधिकारी नहीं सुनते।

बड़वारा मुख्यालय की जीवनदायिनी माने जाने वाली इस सड़क की स्थिति को लेकर क्षेत्र के नागरिकों की परेशानी सामने आई है। पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने बताया कि बड़वारा नगर में प्रवेश करते ही पुलिया पर बने बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। उनके मुताबिक यह स्थिति बड़वारा के विकास के दावों पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने बताया कि बड़वारा से बछरवारा मार्ग पर सड़क कम और गड्ढे ज्यादा नजर आते हैं। किन-किन टोला, चिरूहली, चांदन और नन्हवारा मोड़ पर पैदल चलना भी दूभर हो चुका है। इस मार्ग से आवाजाही करने वाले मरीज, आम नागरिक और छात्र-छात्राएं परेशानी भरा सफर करने को मजबूर हैं।

ग्राम भगनवारा की जर्जर पुलिया को लेकर भी चिंता जताई गई है। आरोप है कि पुलिया कभी भी ध्वस्त हो सकती है, जिससे बड़े हादसे की आशंका है।

बधनगवा मोड़ पर स्थिति ऐसी है कि वाहन निकालना भी संभव नहीं है। करण सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि करीब एक वर्ष पहले इस मार्ग पर डामरीकरण कराया गया था। उनके मुताबिक निर्माण की गुणवत्ता खराब होने और भ्रष्टाचार के चलते कुछ ही महीनों में सड़क पूरी तरह उखड़ गई। इसका खामियाजा क्षेत्र की जनता भुगत रही है।

क्षेत्रीय जनता और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र भेजा है। इसकी एक प्रति कलेक्टर आशीष तिवारी को भी भेजी गई है।

पत्र में लोक निर्माण विभाग के संबंधित इंजीनियर को तत्काल निलंबित करने और सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई है। इसके अलावा मांग की गई है कि जब तक मार्ग को दुरुस्त नहीं किया जाता, तब तक संदीपनि विद्यालय बड़वारा में इस मार्ग से 15-20 गांवों से आने वाले बच्चों की सुरक्षा के हित में छुट्टी घोषित की जाए।



# ट्रक ने बाइक को रौंदा, दो युवकों की मौके पर मौत

▶ राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर दर्दनाक हादसा

**नवभारत, कटनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर शनिवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बड़वारा थाना क्षेत्र के नायरा पेट्रोल पंप के पास हुआ, जहां एक अज्ञात ट्रक ने बाइक को रौंद दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 1 बजे तीन लोग बाइक पर सवार होकर कटनी की तरफ से अपने गांव कोड़िया, चंदिया, जिला उमरिया लौट रहे थे। नायरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर उमरिया की ओर से कटनी आ रहा तेज रफ्तार ट्रक ने गलत लेन में आकर बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। दुर्घटना में उमरिया जिले के चंदिया थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव निवासी राममिलन नापित, (45) और ठिठवार गांव निवासी रामसुजान नापित (40) के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस आपातकालीन सेवा डायल 112 को सूचना दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और सड़क किनारे गंभीर स्थिति में पड़े कौड़िया गांव निवासी तीसरे युवक अभिषेक नापित, निवासी ग्राम कोड़िया को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों की देखरेख में उसकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। घायल अभिषेक ने बताया कि वे अपने घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## एक नजर में

# चलती ट्रेन की इमरजेंसी खिड़की से गिरी बच्ची

**नवभारत, कटनी।** पवन एक्सप्रेस में मां के साथ सफर कर रही डेढ़ साल की बच्ची चलती ट्रेन से अचानक नीचे गिर गई। घटना 15 सितंबर को कटनी-जबलपुर के बीच हुई। ट्रेन कटनी स्टेशन से निकलने के बाद करीब 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। बच्ची इमरजेंसी खिड़की से करीब 8 फीट नीचे नुकीली गिट्टियों पर जा गिरी। बच्ची के गायब होने पर उसकी मां संजीदा खातून बदहवास हो गईं। यात्रियों ने बच्ची के ट्रेन से बाहर गिरने की आशंका जताई और तत्काल चेन पुलिंग की। इसके बाद यात्री ट्रैक पर दौड़े और बच्ची को उठाकर ट्रेन में लाए। बच्ची के सिर, पीठ, हाथ-पैर में चोट लगी थी और शरीर से खून निकल रहा था। 26 वर्षीय संजीदा मुजफ्फरपुर की रहने वाली हैं। उनके पति मुंबई में नौकरी करते हैं। वह अपनी डेढ़ साल की बेटी के साथ मुजफ्फरपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई जा रही थीं। संजीदा लोअर बर्थ पर बच्ची को साइड में लिटाकर मोबाइल देख रही थीं। इसी दौरान बच्ची उठी और इमरजेंसी खिड़की की रॉड पकड़कर खड़ी होने की कोशिश करने लगी। ट्रेन के झटके से वह खिड़की से बाहर जा गिरी। बच्ची के अचानक गायब होने पर मां को कुछ समझ नहीं आया। यात्रियों के मुताबिक इमरजेंसी खिड़की में सामान्य खिड़की की तुलना में कम रॉड लगी थीं। इसके चलते खिड़की में गैप था। बच्ची ने रॉड पकड़कर खड़े होने की कोशिश की और ट्रेन के झटके के साथ बाहर गिर गई। ट्रेन की रफ्तार और करीब 8 फीट की ऊंचाई से गिरने के बावजूद बच्ची की हालत देखकर यात्रियों ने राहत की सांस ली। कई यात्रियों ने इसे चमत्कार बताया। ट्रेन के जबलपुर स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ और कमर्शियल विभाग की टीम ने बच्ची को अटेंड किया और जिला अस्पताल लेकर गई। प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। संजीदा ने बताया कि जबलपुर में उनका कोई परिचित नहीं है और वह बच्ची का आगे का इलाज मुंबई में कराना चाहती हैं। जिसके बाद उसे मुंबई भेज दिया गया।

# विद्यार्थी लगन के साथ करें पढ़ाई

▶ उत्कृष्ट स्कूल में स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत, रीठी।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीठी में मध्य प्रदेश शासन की मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को लगातार मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन की ऐसी योजनाएं विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करती हैं। विद्यार्थियों को लगन, मेहनत के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य भारत सिंह, जीतेंद्र चौहान, विपिन सक्सेना, अलका तिवारी और समस्त शिक्षक शालापरिवार के साथ विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# धान की एमएसपी खरीद और डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग, आंदोलन की चेतावनी

▶ ओबीसी महासभा ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**नवभारत, बाकल।** क्षेत्र के किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और आम नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ओबीसी महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बहोरीबंद को मांग-पत्र सौंपा। संगठन ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध निर्देश जारी करने की मांग की है। मांग-पत्र में आगामी धान उपार्जन के दौरान किसानों की फसल की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित करने और भावांतर व्यवस्था के माध्यम से खरीदी नहीं करने की मांग प्रमुखता से रखी गई। महासभा का कहना है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, इसके लिए पारदर्शी और प्रभावी खरीदी व्यवस्था आवश्यक है। इसके साथ ही रानी अवंतीबाई लोधी बस स्टैंड बहोरीबंद परिसर के समीप कृष्णा वर्मन द्वारा संचालित चाट और फुल्की के ठेले-दुकान को हटाने की कार्रवाई रोकने की मांग की गई। मांग-पत्र में कहा गया कि उक्त दुकान उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है और इससे उनके परिवार का भरण-पोषण होता है। महासभा ने बहोरीबंद शासकीय अस्पताल में पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों की पदस्थापना और महिला चिकित्सक की व्यवस्था की मांग की। संगठन के अनुसार डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की महिलाओं और आम मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकों की पर्याप्त व्यवस्था की मांग की गई। मर्ज किए गए विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए समुचित वाहन व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। किसानों की गिरदावरी तत्काल पूर्ण कराने के साथ पोर्टल की तकनीकी समस्या दूर करने की मांग की गई। महासभा ने कहा कि गिरदावरी का काम पूरा नहीं होने से किसानों को फसल पंजीयन और उपार्जन पंजीयन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग करते हुए खराब विद्युत तारों और ट्रांसफार्मरों को तत्काल दुरुस्त कराने और बदलने की मांग की गई। महासभा ने क्षेत्र में पर्याप्त और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग रखी। इसके अलावा जनहित के विरुद्ध कार्य करने वाले अधिकारियों की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराने और लापरवाही या मनमानी प्रमाणित होने पर नियमानुसार कार्रवाई और स्थानांतरण की मांग भी की गई। समस्या का निराकरण नहीं होने पर ओबीसी महासभा के बैनर तले किसान, मजदूर, व्यापारी और आम नागरिक लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर ओबीसी महासभा प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह लोधी, समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव, डॉ. रामदास सेन, पूर्णेंद्र पटेल, बिहारी, राजेंद्र, सुरेंद्र, मनीष, सीताराम, रमेश साहू, नर्मदा प्रसाद महतो, राजभान सहित काफी संख्या में किसान और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बच्चों ने रंगों और शब्दों से रखी अपनी कल्पना, स्वच्छता का संदेश

▶ नोबल हार्ट स्कूल में मेरे सपनों के भारत पर प्रतियोगिता का आयोजन



**नवभारत, कटनी।** नोबल हार्ट पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के तहत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपने चित्रों और वक्तव्यों के माध्यम से स्वच्छ, सुरक्षित, शिक्षित, पर्यावरण-संरक्षित और विकसित भारत की कल्पनाएं प्रस्तुत कीं। प्रतियोगिताओं में काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्र मिश्रा रहे। अध्यक्षता विद्यालय के संचालक अनिल गर्ग ने की। अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार चित्रकला और अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों का अवलोकन किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रचना गर्ग ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, शिक्षकगण, अभिभावकों और सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# निलंबित सीएसपी और आरोपियों का गिरफ्तारी वारंट

▶ गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने का आदेश



**नवभारत, कटनी।** निलंबित सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मामले में पुलिस कार्रवाई से जुड़े दस्तावेज सामने आए हैं। निलंबित सीएसपी नेहा पच्चीसिया, क्षितिज राज बारापात्रे और मारूफ हनफी के नाम से अलग-अलग गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। शुक्रवार देर शाम सामने आए दस्तावेजों पर 18 सितंबर 2026 की तारीख दर्ज है। वारंट में आरोपियों को गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने को कहा गया है। दस्तावेजों में कुठला थाना और अपराध क्रमांक का जिक्र है। इसमें भारतीय न्याय संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराएं लगाई गई हैं। निलंबित सीएसपी नेहा पच्चीसिया से जुड़ा मामला मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर बेंच में भी है। उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए सिंगल बेंच ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने अगली सुनवाई से पहले जवाब देने को कहा है। मामले में 21 सितंबर 2026 को अगली सुनवाई तय है, जिसमें याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत मिलेगी या नहीं, इस पर विचार होगा। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद मामले में पुलिस की आगे की कार्रवाई पर नजर है।

# एबीवीपी का सदस्यता अभियान, सम्मेलन पर मंथन

▶ छात्रों की समस्या का समाधान ही परिषद का उद्देश्य



**नवभारत, उमरियापान।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक संजय कुशवाहा का उमरिया पान प्रवास हुआ। प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों से संपर्क कर अभाविप का सदस्यता अभियान चलाया गया।

साथ ही आगामी जिला युवती सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। जिला संयोजक संजय कुशवाहा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के साथ युवाओं में नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रबोध और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में उमरिया पान क्षेत्र में विद्यार्थी संपर्क और संगठनात्मक गतिविधियों को और गति दी जाएगी। इस अवसर पर अभाविप प्रांत कार्यकारणी सदस्य अतुल गर्ग, जिला खेलो भारत प्रमुख अंशिका लखेरा, कटनी नगर खेलो भारत प्रमुख अंशुल गोस्वामी, खुशी चौरसिया, आयुष त्रिपाठी सहित कार्यकर्ता और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सूअर का शिकार करने के आरोप में चार गिरफ्तार, बका, कुल्हाड़ी जब्त

▶ वन विभाग ने की कार्रवाई, जमुनिया के जंगल में किया शिकार



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा वन क्षेत्र के जमुनिया जंगल में जंगली सूअर के शिकार के मामले में वन विभाग ने चार लोगों को पकड़ा है। टीम ने आरोपियों के पास से जंगली सूअर का ताजा मांस, दो बका, कुल्हाड़ी और लोहे के फंदे समेत शिकार में इस्तेमाल होने वाला सामान जब्त किया। वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। वन विभाग को शुक्रवार को सूचना मिली थी कि जमुनिया गांव के पास जंगल में कुछ लोग जंगली सूअर का शिकार कर मांस बांटने की तैयारी में हैं। इसके बाद रेंजर सचिन नामदेव के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की। वन टीम ने मौके से चार संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास जंगली सूअर का ताजा कटा हुआ मांस और शिकार में इस्तेमाल होने वाला सामान मिला। रेंजर सचिन नामदेव के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान बहोरीबंद निवासी शक्ति कोल, गुलाब कोल, मनीष कोल और राजेंद्र कोल के रूप में हुई है। वन विभाग ने आरोपियों के पास से दो बका, एक कुल्हाड़ी, वन्यप्राणियों को फंसाने वाले क्लच वायर के दो फंदे, एक किलो जीआई तार और जंगली सूअर का ताजा मांस जब्त किया है।

वन विभाग ने चारों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। विभागीय कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपियों को कटनी न्यायालय में पेश किया गया। वन अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में अवैध शिकार और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

कार्यक्रम ▶ ढीमरखेड़ा में शौर्य दिवस समारोह का आयोजन, राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह के बलिदान को किया गया नमन

# सामाजिक मुद्दों पर की गई चर्चा, यूजीसी और जातिगत जनगणना कराने की मांग



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** वीर राजा शंकर शाह और राजा रघुनाथ शाह के शौर्य दिवस के अवसर पर मंगल भवन ढीमरखेड़ा में शौर्य दिवस समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में ओबीसी, एससी और एसटी समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान दोनों वीरों के त्याग, साहस और देश के लिए दिए गए बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समारोह में मुख्य अतिथि डॉ बीके पटेल, ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष, जितेन्द्र कुमार कुर्मी, अखिल भारतीय ओबीसी महासभा एवं ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष जबलपुर और संतकुमार पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष सिहोरा उपस्थित रहे।

इसके अलावा रामाधार पटेल, जयप्रकाश पटेल, प्रहलाद लोधी, जीतेंद्र पटेल, रवि पटेल, पारस पटेल, राजेंद्र पटेल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने राजा शंकर शाह और राजा रघुनाथ शाह के संघर्ष और बलिदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि दोनों वीरों का जीवन साहस, त्याग और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा देता है। वक्ताओं ने समाज के लोगों से आपसी एकता बनाए रखने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

इस दौरान ओबीसी, एससी एवं एसटी समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। समारोह के बाद सामाजिक संगठनों और समाज के प्रतिनिधियों ने विभिन्न मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी ढीमरखेड़ा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी लागू करने, 13 प्रतिशत होल्ड हटाने, जातिगत जनगणना में ओबीसी समाज के लिए अलग कॉलम जोड़ने की मांग प्रमुखता से रखी गई।

इसके साथ ही क्षेत्र में अवैध शराब पर रोक लगाने तथा ओबीसी, एससी एवं एसटी समाज के लोगों के साथ होने वाले अन्याय, अत्याचार और शोषण पर प्रभावी कार्रवाई की मांग प्रशासन के समक्ष रखी गई। समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने सामाजिक एकता बनाए रखने और वीर शहीदों के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# जनहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता की दी प्रेरणा

▶ सेवा संकल्प अभियान के तहत कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन




**नवभारत, उमरियापान।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ आशीष पांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सेवा भावना, सामाजिक जिम्मेदारी, व्यक्तित्व विकास और समाज के प्रति सकारात्मक सोच के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ आशीष पांडेय ने कहा कि विद्यार्थियों में सेवा अनुशासन और सामाजिक सरोकार की भावना विकसित करना समय की आवश्यकता है। युवा वर्ग अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग कर समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, सामाजिक जागरूकता फैलाने, जनहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संगोष्ठी और कार्यशाला में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वक्ता द्वारा विद्यार्थियों के साथ विभिन्न सामाजिक विषयों पर संवाद करते हुए उनके प्रश्नों और जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिलाषा चौरसिया महाविद्यालय का स्टाफ सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को सेवा भावना के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संदेश दिया गया।